भारत सरकार /GOVERNMENT OF INDIA
रेलमंत्रालय/ MINISTRY OF RAILWAYS
आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली
MODERN COACH FACTORY, RAEBARELI

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक 15.06.2023

आरेडिका में उत्पादन क्षमता विस्तार के लिए नवनिर्मित फर्निशिंग एवं फिनिशिंग शॉप का लोकार्पण

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना रायबरेली के महाप्रबंधक श्री पी.के मिश्रा ने आज दिनांक–15.06.2023 को कारखाना परिसर में नवनिर्मित फर्निशिंग एवं फिनिशिंग शॉप का लोकार्पण किया। इन शॉपों के निर्माण से वन्देभारत तथा भारत गौरव जैसे कोचों के निर्माण में सहूलियत मिलेगी और कोचों के उत्पादन क्षमता में विस्तार होगा।

इसी कड़ी में महाप्रबंधक महोदय ने उच्चाधिकारियों से भविष्य में कोचों के उत्पादन के रोड मैप पर चर्चा की तथा जिससे आने वाले समय में अधिक कोचों के उत्पादन का लक्ष्य मिलने पर कार्य सुचारू रुप से हो सके साथ ही पुराने फर्निशिंग शॉप के शेड के विस्तार के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया।

शॉवर टेस्टिंग के लिए प्रत्येक फिनिशिंग लाइन पर व्यवस्था की जाए साथ ही साथ शॉवर टेस्टिंग के लिए उपयोग होने वाले पानी का फ्लो एवं प्रेशर की उचित व्यवस्था हो तथा शॉवर टेस्टिंग पर कार्य करने वाले कर्मचारियों के लिए प्रतिकूल मौसम से सुरक्षा के लिए शेड एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं के विकास के लिए निर्देशित किया।

महाप्रबंधक महोदय ने लोकार्पण करते समय आरेडिका के इलेक्ट्रिकल, प्रोजेक्ट एवं सिविल विभाग की कार्य–कुशलता एवं समय पर कार्य पूरा करने के लिए नगद पुरस्कार की घोषणा की।

इस अवसर पर आरेडिका के पीसीएमई श्री शमशेर सिंह कलसी, पीसीएमएम श्री एनडी राव, पीसीई श्री सत्य प्रकाश यादव, सीएओ श्री एसके कटियार, एवं पीसीईई श्री हरीश चन्द्र सहित प्रमुख विभागाध्यक्ष एवं उच्च अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थिति रहे।

15.6.2023

(आर. एन. तिवारी)
मुख्य जन–संपर्क अधिकारी